कार्यालय – जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा।

आदेश

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या 3226/एस0एल0एस0ए0–03/2005 दिनांकित 21.12.2016 के अनुसार जनपद महोबा में स्थायी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहायतार्थ सेवानिवृत्त कर्मचारियों आशुलिपिक एवं अर्दली की नियुक्ति किये जाने सम्बन्धी निर्देश प्राप्त हुए है।

इस सम्बन्ध में जिला न्यायालय तथा कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। जिला न्यायालय एवं कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारी जो आशुलिपिक एवं अर्दली पद के लिये कार्य करने को इच्छुक है वे अपने फोटो सहित तथा अपने विभाग के सेवानिवृत्त प्रमाणपत्र सहित आवेदन पत्र दिनांक 07.02.2019 तक प्रशासनिक कार्यालय जनपद न्यायालय, महोबा में जमा कर सकते है। आशुलिपिक पद के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 9000/– रूपये प्रतिमाह संविदा पर अनुबंधित करके कार्य करना होगा तथा अर्दली पद के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 7000/– रूपये प्रतिमाह संविदा पर अनुबंधित करके कार्य करना होगा। अन्य आवश्यक शर्तो को सम्बन्धित कार्यालय से सत्यापित किया जा सकता है। जिला न्यायालय के नोटिस बोर्ड तथा कलेक्ट्रेट के नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा कर दी जावे।

23/1/2019

(महताब अहमद)
जिला जज/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
महोबा।

दिनांकः 23.01.2019

Secr. Office to comply

24/01/19

आवश्यक सूचना

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा में पूर्णकालिक सचिव के अधीन कार्य करने हेतु जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के अवकाश प्राप्त आशुलिपिक/अर्दली की निर्धारित मानदेय रूपया नौ हजार/सात हजार प्रति माह पर अनुबन्धित करके कार्य लिया जायेगा। अतः ऐसे सेवानिवृत कर्मचारी जो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा में आशुलिपिक/अर्दली के पद पर कार्य करने के इच्छुक हो, वे अपने आवेदन पत्र निम्नलिखित प्रारूप पर दिनांक 07.02.2019 को शाम 4:00 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा के कार्यालय में जमा कर सकते है।

इस सूचना की छायाप्रति जनपद न्यायालय/कलेक्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जावें तथा एक प्रति सहायक सूचना निर्देशक, महोबा को निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित हो।

दिनांक – 23.01.2019

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
महोबा।

आवेदन पत्र का प्रारूप

नामः– ....

पिता का नामः– ....

स्थायी पता :– ....

पत्र व्यवहार का पताः– ....

जन्मतिथिः– ....

सेवानिवृत की तिथिः– ....

शैक्षिक योग्यताः– ....

दूरभाषः– ....

स्वप्रमाणित फोटो

नोटः– आवेदक का सेवानिवृत प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाणपत्र तथा सी0एम0ओ0, महोबा द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा।

हस्ताक्षर आवेदक

____